THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) Yes, Sir.

(b) According to the Nehru Memorial Museum & Library, the missing of the Joliet Curie Gold Medal came to light in September, 1991 No FIR has been lodged.

(c) The Nehru Memorial Museum & Library have informed that an inquiry has been instituted to locate the missing medal and to fix the responsibility.

Financial Assistance to Scholars for going abroad

1702. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the NCERT sponsor or give full or partial financial assistance/travel grants to scholars and others for attending conferences, seminars and other social, cultural and educational meets abroad; and

(b) if so, the details of persons who were given financial help or travel grants during the last three years and the details regarding their sponsorship?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE (KUMARI SELJA): (a) and (b) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Norms for spending the allocation by the Universities

1703. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) wheher the Union Human Resource Development Minister held two days meeting with the Vice-Chancellors of the Central Universities in New Delhi on July 7 and 8, 1992 over the issue of funding of higher education;

(b) if so, whether it is a fact that some of the VCs have stated that there was a lot of confusion over the matter and demanded setting up of a Committee/Commission to look into the whole problems;

(c) whether it is also a fact that there were no prescribed norms/parameters for the Universities as to how the allocations be spent on salaries, libraries etc, and that Universities found themselves at a loss in rationalising expenditure; and

(d) if so, what is Government's reaction and steps likely to be taken to clarify the confusion?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE (KUMARI SELJA): (a) to (d) The Minister of H.R.D. held consultations on July, 7-8, 1992 with Chaiman, UGC and Vice-Chancellors of Central Universities to consider measures to mitigate the finacial difficulties being faced by them. On the basis of these consultations, an Expert Committee is being set up in consultation with UGC, to evolve rational norms for provision of maintenance grants to Central Universities, to consider steps for mobilisation of additional resources for higher education and to suggest measures for improving the cost-efficiency of the University system.

गरीबों के लिए शिक्षा

1704 **श्री रणजीत सिंह :**

डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शिक्षा

नीति का मुख्य सिद्धांत सबको शिक्षा उपलब्ध कराना है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि कुल जनसंख्या का लगभग 30 प्रतिशत भाग अभी भी गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है और और उन्हें शिक्षित करने की अत्यधिक आवश्यकता है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या-क्या विशेष व्यवस्था की गई है ; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना में इस प्रयोजन के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन0पी0ई0) 1986 में संकल्प व्यक्त किया गया है कि इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश करने से पहले 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को संतोषजनक कोटि की निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

आर्थिक सर्वेक्षण 1991–92 के अनुसार वर्ष 1997–98 में जनसंख्या का 29.9 प्रतिशत भाग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है।

(ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अब तक समान अवसरों से वंचित वर्गों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करके असमानता दूर करके तथा शैक्षिक अवसरों को समान बनाने पर विशेष बल दिया गया है। इसके लिए औपचारिक स्कूल प्रणाली, अनौपचारिक शिक्षा स्कीम तथा प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को शिक्षित बनाया जा रहा है।

(घ) आठवीं योजना में प्रारंभिक शिक्षा के निम्नलिखित लक्ष्य है —

पहुंच

(i) अ०जा०/अ०ज०जा० की लड़कियों और व्यक्तियों सहित सभी बच्चों को सर्वसुलभ दाखिला ;

(ii) एक किलीमीटर की पैदल दूरी के क्षेत्र के अंतर्गत सभी बच्चों के लिए प्राथमिक स्कूल का प्रावधान तथा स्कूल छोड़ने वाले बच्चों और कामगार बच्चों तथा लड़कियों जो स्कूल नहीं जा सकती के लिए गैर औपचारिक शिक्षा की की सुविधा ;

(iii) अपर प्राथमिक और प्राथमिक स्कूलों के वर्तमान अनुपात को 1:4 से 1:2 तक बढ़ाना, क्योंकि यह अपर प्राथमिक स्तर पर लड़कियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए व्यापक अवसर की पूर्व शर्त है ;

सहभागिता

(iv) कक्षा 1 से 5 और 1 से 8 में स्कूल छोड़ने वाले के वर्तमान प्रतिशत को 46 प्रतिशत और 60 प्रतिशत से कम करके क्रमशः 20 प्रतिशत और 40 प्रतिशत करना ।

उपलब्धि

(v) प्राथमिक स्तर पर लगभग सभी बच्चों द्वारा सीखने के न्यूनतम स्तरों की प्राप्ति तथा अपर प्राथमिक स्तर पर व्यापक पैमाने पर इस संकल्पना को लागू करना ।

नवोदय विद्यालय में प्रति छात्र खर्च

1705. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवोदय विद्यालयों की स्थापना के समय प्रति छात्र कितना खर्च होने का अनुमान था ;

(ख) क्या यह सच है कि प्रति छात्र खर्च में संशोधन नहीं किया गया है यदि हां तो इसके क्या कारण है ; और

(ग) क्या मूल्यों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार खर्च में वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो इसके